आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 30.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड ओलंपिक संघ ने राष्ट्रीय खेलों के लिए सभी राज्य खेल संघों को 2 जनवरी 2025 तक चयन ट्रायल रिपोर्ट और संबंधित वीडियो फुटेज तथा तस्वीरें जमा कराने के निर्देश दिए।
- उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने चमोली जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की।
- नव वर्ष और बर्फबारी के चलते उत्तराखंड में पर्यटकों के पहुंचने का क्रम जारी, पुलिस यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को मज़बूती देने में जुटी।
- बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को जीत के लिए तीन सौ चालीस रन का लक्ष्य दिया।

चयन प्रक्रिया

उत्तराखंड ओलंपिक संघ ने राष्ट्रीय खेलों के लिए राज्य के खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया को तेज करते हुए राज्य खेल संघों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा–निर्देशों के अनुसार, सभी राज्य खेल संघों को 2 जनवरी 2025 तक चयन ट्रायल रिपोर्ट और संबंधित वीडियो फुटेज तथा तस्वीरें जमा करनी होंगी। यह कदम पारदर्शिता बनाए रखने और योग्य खिलाड़ियों के चयन को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। उत्तराखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉक्टर डीके सिंह ने इस बात पर जोर दिया है कि सभी चयन ट्रायल निष्पक्ष तरीके से आयोजित किए जाएंगे, और भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन किया जाएगा।

हिमस्खलन अलर्ट

उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने चमोली जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। यह चेतावनी रक्षा भू–सूचना विज्ञान अनुसंधान प्रतिष्ठान द्वारा जारी की गई है, जिसमें आज हिमस्खलन का आरेंज अलर्ट (लेवल 3) घोषित किया गया है। प्रशासन को सतर्क रहने और सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटा जा सके। इस बीच, आज सुबह से राज्य के मैदानी हिस्सों में कुछ स्थानों पर कोहरा छाया है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में आज मौसम साफ बने रहने की उम्मीद है।

नगर निकाय चुनाव

उत्तराखंड में आगामी शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 11 मेयर सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पार्टी ने पहले छह सीटों के लिए और फिर बाकी पांच सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। किरण जैसल हरिद्वार से, आशा उपाध्याय श्रीनगर, शैलेन्द्र रावत कोटद्वार से, कल्पना देवलाल पिथौरागढ से, अजय वर्मा अल्मोडा से और विकास शर्मा रुद्रपुर से पार्टी के उम्मीदवार हैं। भाजपा ने देहरादून मेयर के लिए सौरभ थपलियाल, ऋषिकेश के लिए शंभू पासवान, रुड़की के लिए अनीता देवी अग्रवाल, हलद्वानी में गजराज सिंह बिष्ट और काशीपुर के लिए दीपक बाली को मैदान में उतारा है।

गौरतलब है कि राज्य में 11 नगर निगमों, 43 नगर पालिका परिषदों और 46 नगर पंचायतों सहित 100 नगर निकायों के लिए चुनाव 23 जनवरी को होने हैं। मतदान मतपत्रों से होगा और नतीजे 25 जनवरी को परिणाम घोषित किए जाएंगे।

निकाय चुनाव

उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय स्थानीय निकाय सामान्य चुनाव के लिए एक नया निर्देश जारी किया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत करते समय बैंक खाता खोलने में असमर्थ रहता है, तो उसका नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया जाएगा, लेकिन बैंक खाता खोलने संबंधी अभिलेख निर्धारित समय से पहले जमा करना अनिवार्य होगा। यह कदम निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।

स्वास्थ्य शिविर

श्रीगुरू गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में कल ऋषिकेश स्थित हेमकुंड गुरुद्वारे में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में दो हजार 674 लाभार्थियों का पंजीकरण करवाया, जिन्हें विभिन्न चिकित्सीय सेवाएं प्रदान की गईं। जिलाधिकारी सविन बंसल ने रक्तदान कर समाज सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया और ऐसे शिविरों की महत्ता पर प्रकाश डाला। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों का इलाज किया गया और ईसीजी, एक्स–रे, अल्ट्रासाउंड जैसी जांच भी निःशुल्क की गई।

जल योद्धा सम्मान

उत्तरांचल उत्थान परिषद और यूकास्ट के संयुक्त तत्वावधान में ''हिमालय सन्दर्भ में जल शिक्षा और जल संरक्षण'' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जल संरक्षण में योगदान देने वाले 45 जल मित्रों को जल योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यशाला में वक्ताओं ने जल संकट और इसके समाधान पर चर्चा की। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए हर व्यक्ति से इस दिशा में काम करने की अपील की।

सुरक्षा व्यवस्था

नए साल और बर्फबारी के चलते उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। नववर्ष उत्सव के मद्देनजर राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों में यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नैनीताल में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने प्रमुख पर्यटन स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को यातायात को नियंत्रित करने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री मीणा ने पर्यटकों से अपील की है कि वे पुलिस द्वारा जारी यातायात निर्देशों का पालन करें, ताकि उनकी यात्रा सुरक्षित और सुगम हो सके।

काउंसलिंग तिथि

उत्तराखंड राज्य पीएचडी सम्मिलित प्रवेश परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए पहली काउंसलिंग तीन जनवरी से शुरू होगी। इस काउंसलिंग में अर्थशास्त्र को छोड़कर सभी विषयों की काउंसलिंग की जाएगी, जबकि अर्थशास्त्र की काउंसलिंग 6 जनवरी को होगी। उम्मीदवारों को काउंसलिंग से पहले शुल्क जमा करना होगा और सभी आवश्यक दस्तावेज लाने होंगे।

जुर्माना

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) पर सड़क कटिंग कार्य के दौरान मानकों का पालन न करने पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। निरीक्षण में यह पाया गया कि यूपीसीएल ने सड़क निर्माण के बाद समुचित पुनर्स्थापन नहीं किया और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन किया। इस पर जिलाधिकारी ने यूपीसीएल को चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही की गई, तो उनके कार्यों की अनुमति रद्द कर दी जाएगी।

जागरूकता कार्यक्रम

एम्स ऋषिकेश में पीडियाट्रिक सर्जरी दिवस के अवसर पर बच्चों में मूत्र संबंधी समस्याओं और अन्य शल्य चिकित्सा विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशेषज्ञों ने बच्चों में होने वाली सामान्य सर्जिकल समस्याओं और उनके उपचार पर चर्चा की। इस अवसर पर संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने गर्भावस्था के दौरान बच्चों में जन्मजात बीमारियों के समय रहते इलाज की आवश्यकता पर बल दिया।

क्रिकेट

बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट क्रिकेट मैच का आज आखिरी दिन है। भारत इस समय तीन विकेट के नुकसान पर 33 रन बना चुका है। यशस्वी जयसवाल 14 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत को जीत के लिए अभी भी तीन सौ सात रनों की जरूरत है। इससे पहले आज पांचवे दिन का खुल शुरू होने पर ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट पर 228 रनों से आगे खेलना शुरू किया और छह रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया की पारी समाप्त हो गई है। इस आधार पर भारत को आज के दिन के निर्धारित 92 ओवर में 340 रन का लक्ष्य दिया है।

सोमवती स्नान

सोमवती अमावस्या स्नान पर्व पर आज हरिद्वार में स्नान के लिए तड़के से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया है। स्नान को सकुशल संपन्न करने के लिए प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किये हैं। पुलिस ने पूरे मेला क्षेत्र को चौदह जोन और उनतालीस सेक्टर में बांटा है। साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत ट्रैफिक योजना के तहत रूट डायवर्जन लागू किया गया है।

एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–––

भाजपा व कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी घोषित। इस ख़बर को पहले पृष्ठ पर प्रमुखता के साथ देते हुए दैनिक जागरण लिखता है– केंद्रीय नेतृत्व से हरी झंडी मिलने के बाद प्रदेश भाजपा ने जारी की सभी ग्यारह पदों पर प्रत्याशियों की सूची। डीएवी के दो पूर्व छात्रसंघ अध्यक्षों के बीच महापौर पद की टक्कर। हिंदुस्तान समाचार पत्र के अनुसार देहरादून में मेयर पद पर भाजपा के सौरभ थपलियाल और कांग्रेस के वीरेंद्र पोखरियाल आमने–सामने होंगे।

बरिश और बर्फबारी के बाद पर्वतीय क्षेत्रों में सामान्य जन जीवन प्रभावित हुआ है। हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है– कोटद्वार के पास कोहरे के कारण हादसे में दो की मौत। वहीं, नवोदय टाइम्स लिखता है– चमोली में हिमस्खलन का ऑरेंज अलर्ट जारी।

दक्षिण कोरिया विमान क्रैश की ख़बर सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। राष्ट्रीय सहारा लिखता है– दक्षिण कोरिया विमान क्रैश, 179 की मौत, हवाई अड्डे पर उतरते समय लगी आग, 181 यात्री थे सवार।

नगर निकाय चुनाव के लिये आज नामांकन का आखिरी दिन है। अमर उजाला लिखता है– नामांकन पत्र बिना बैंक खाते के भी जमा होंगे, बाद में दें जानकारी। रविवार को एक हजार पांच सौ अस्सी ने कराए नामांकन।

सड़क किनारे मलबा डालने पर यूपीसीएल पर एक लाख का जुर्माना। इस शीर्षक के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है– देहरादून में सड़क कटिंग शर्तों का पालन नहीं करने पर की कार्रवाई, एसडीएम ने किया निरीक्षण।